भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *41
जिसका उत्तर 22 जुलाई, 2026 को दिया जाना है।
31 आषाढ़, 1948 (शक)

'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन' का कार्यान्वयन

***41. श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि :**

क्या इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन संयंत्रों और संबद्ध विनिर्माण सुविधाओं की स्थापना को बढ़ावा देने के लिए इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) का कार्यान्वयन कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) अब तक अनुमोदित सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन संयंत्रों और संबंधित परियोजनाओं तथा उनके स्थान और वितरण का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि देश में इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण और निर्यात के लिए तमिलनाडु के एक अग्रणी केंद्र होने के बावजूद राज्य को कोई प्रमुख सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन संयंत्र आवंटित नहीं किया गया है;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और तमिलनाडु से प्राप्त किए गए प्रस्तावों, यदि कोई हों और अस्वीकृत किए गए प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार का विचार तमिलनाडु में सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन सुविधाओं की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए अतिरिक्त सहायता या प्रोत्साहन देने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से **(ङ)** : एक विवरण-पत्र सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*****

'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन' का कार्यान्वयन के संबंध में दिनांक 22.07.2026 को लोक सभा में पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या *41 के उत्तर में उल्लिखित विवरण पत्र

****

(क) से (ङ): माननीय प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, सरकार ने सेमीकंडक्टर सहित संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण के विकास हेतु संरचित और लक्षित नीतिगत पहलों को अपनाया।

<u>इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण के क्षेत्र में भारत की सफलता:</u>

वर्ष 2014 से, भारत सरकार ने देश में इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। इनमें एफडीआई सुधार, कर सुधार, श्रम सुधार, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाएं आदि शामिल हैं।

इसके परिणामस्वरूप, भारत अब प्रमुख इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्रों में से एक प्रमुख तंत्र के रूप में उभरकर सामने आया है। जैसा कि नीचे दिए गए आंकड़ों से पता चलता है:

#	2014-15	2025-26	टिप्पणियां
इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का उत्पादन (₹)	~1.9 लाख करोड़	~13.11 लाख करोड़	7 गुना वृद्धि
इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का निर्यात (₹)	~38 हजार करोड़	~4.24 लाख करोड़	11 गुना वृद्धि
मोबाइल फोन का उत्पादन (₹)	~18 हजार करोड़	~6.27 लाख करोड़	33 गुना वृद्धि
मोबाइल फोन का निर्यात (₹)	~1500 करोड़	~ 2.59 लाख करोड़	165 गुना वृद्धि

भारत अब देश में बेचे जाने वाले कुल मोबाइल फोन का लगभग 99.2% बनाता है। मोबाइल फोन सबसे बड़े निर्यात किए जाने वाले मद के रूप में उभरा है। उद्योग का अनुमान है कि इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण अब लगभग 25 लाख लोगों को रोजगार प्रदान करता है।

इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण:

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दृष्टिकोण से तमिलनाडु को लाभ हुआ है। भारत सरकार ने तमिलनाडु में कई इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण प्लांटों की स्थापना के लिए सहायता प्रदान की है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

#	जिला	प्लांटों की संख्या
1	चेंगलपट्टू	4
2	चेन्नई	6
3	कोयंबटूर	1
4	कांचीपुरम	38
5	कृष्णागिरी	8
6	थूथुकुडी	2
7	तिरुनेलवेली	1
8	तिरुवल्लूर	6
9	वेल्लोर	1

इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण क्लस्टर (ईएमसी):

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा, रक्षा, रसायन आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विनिर्माण क्लस्टर स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया है। उनके दृष्टिकोण को इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण क्लस्टर (ईएमसी) योजना के माध्यम से मूर्त रूप दिया गया।

सरकार ने तमिलनाडु राज्य में निम्नलिखित ईएमसी को सहायता प्रदान की है:

i. मनल्लूर में ईएमसी - 474.3 एकड़ के क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसकी परियोजना लागत ₹587.47 करोड़ है।
ii. पिल्लपाइक्कम में ईएमसी - 379.3 एकड़ के क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसकी परियोजना लागत ₹424.55 करोड़ है।

सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम:

सेमीकंडक्टर उद्योग एक मूलभूत उद्योग है। अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्र जैसे औद्योगिक, उपभोक्ता, रक्षा, दूरसंचार और मोटर वाहन आदि अर्धचालकों पर निर्भर करते हैं। यह क्षेत्र तकनीकी नवाचार, आर्थिक विकास और रणनीतिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देकर परिवर्तनकारी क्षमताएं प्रदान करता है।

सेमीकंडक्टर के महत्व को स्वीकार करते हुए, सरकार ने सेमीकंडक्टर फैब, डिस्प्ले फैब्स सेमीकंडक्टर पैकेजिंग की स्थापना और भारतीय डिजाइन वाले चिप्स को बढ़ावा देने के लिए जनवरी 2022 में सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम शुरू किया।

सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के तहत, सरकार ने लगभग 1.64 लाख करोड़ रुपए की कुल निवेश प्रतिबद्धताओं के साथ 6 राज्यों अर्थात आंध्र प्रदेश, असम, गुजरात, पंजाब, ओडिशा और उत्तर प्रदेश में फैली 12 विनिर्माण परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन 12 परियोजनाओं में से तीन प्लांटों से वाणिज्यिक उत्पादन पहले ही शुरू हो चुका है।

सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम को इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि इसमें निवेशकों को स्थान का विकल्प चुनने की सुविधा है। निवेशक विभिन्न कारकों के आधार पर स्थान का मूल्यांकन करते हैं। सरकार वितरित विनिर्माण को प्रोत्साहित करती है। इस दृष्टिकोण के कारण, सेमीकंडक्टर प्लांट आज देश भर के छह राज्यों में स्थित हैं।

सेमीकंडक्टर डिजाइन:

सेमीकंडक्टर डिज़ाइन एक विशिष्ट कार्य या अनुप्रयोग का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए चिप की "वास्तुकला" को परिभाषित करने में एक प्रमुख भूमिका निभाता है। चूंकि चिप डिजाइन एक अत्यंत अनुसंधान एवं विकास, इंजीनियरिंग और गहन आईपी से जुड़ी प्रक्रिया है, इसलिए सरकार सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के भीतर डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव (डीएलआई) योजना के माध्यम से स्टार्टअप्स और एमएसएमई को वित्तीय और बुनियादी ढांचा सहायता (डिजाइन टूल्स तक मुफ्त पहुंच सहित) प्रदान कर रही है।

इसके अलावा, डीएलआई योजना के तहत वित्तीय सहायता के लिए चौबीस (24) सेमीकंडक्टर डिजाइन परियोजनाओं और इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन ऑटोमेशन (ईडीए) टूल सहायता के लिए 105 स्टार्टअप/एमएसएमई को भी अनुमोदित किया गया है।

भारत सरकार ने तमिलनाडु में सेमीकंडक्टर डिजाइन परियोजनाओं को प्रोत्साहित किया है। नीचे उल्लिखित कंपनियों को भारत सरकार से सहायता मिल रही है:

#	नाम	स्थान	सहायता
1	अहीसा डिजिटल इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड	चेन्नई	अनुदान और ईडीए उपकरण
2	माइंडग्रोव टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड	चेन्नई	अनुदान और ईडीए उपकरण
3	इनकोर सेमीकंडक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड	चेन्नई	अनुदान और ईडीए उपकरण
4	एमबीआईटी वायरलेस प्राइवेट लिमिटेड	चेन्नई	अनुदान और ईडीए उपकरण
5	स्ट्रुएंट सेमीकंडक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड	चेन्नई	ईडीए उपकरण
6	पीआरसेमीकॉन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड	चेन्नई	ईडीए उपकरण
7	सिक्रेस्ट सेमीकंडक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड	कोयंबटूर	ईडीए उपकरण

सेमीकंडक्टर प्रतिभा विकास:

इस डीप टेक उद्योग की प्रकृति को स्वीकार करते हुए, भारत सरकार देश भर के 315 संस्थानों में डिजाइन प्रतिभा विकास के लिए सहायता प्रदान कर रही है।

भारत सरकार ने तमिलनाडु में निम्नलिखित विश्वविद्यालयों में प्रतिभा विकास का समर्थन किया है:

#	संस्थान	स्थान
1.	डॉ. महालिंगम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर	कोयंबटूर
2.	एसएनएस कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर	कोयंबटूर
3.	राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान तिरुचिरापल्ली	तिरुचिरापल्ली
4.	भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान तिरुचिरापल्ली	तिरुचिरापल्ली
5.	अन्ना यूनिवर्सिटी रीजनल कैंपस कोयंबटूर	कोयंबटूर
6.	मोहम्मद सथक इंजीनियरिंग कॉलेज, रामनाथपुरम	रामनाथपुरम
7.	करुण्या इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज, कोयंबटूर	कोयंबटूर
8.	सेंट जेवियर्स कैथोलिक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, कन्या कुमारी	कन्याकुमारी
9.	कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग गिंडी, अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई	चेन्नई
10.	भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी डिजाइन और विनिर्माण संस्थान कांचीपुरम	चेंगलपट्टू
11.	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास	चेन्नई
12.	पीएसजी कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर	कोयंबटूर
13.	वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी), वेल्लोर	वेल्लोर
14.	क्रिसेंट इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, चेन्नई	चेंगलपट्टू
15.	वेल्लोर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी), चेन्नई	चेंगलपट्टू
16.	मद्रास इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी	चेंगलपट्टू
17.	कोंगु इंजीनियरिंग कॉलेज, पेरुंदुरई, तमिलनाडु	इरोड़
18.	SASTRA डीम्ड यूनिवर्सिटी, तमिलनाडु	तंजावुर
19.	एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, कट्टनकुलथुर	चेंगलपट्टू
20.	आर.एम.के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, तिरुवल्लूर	तिरुवल्लूर
21.	कलासलिंगम अनुसंधान एवं शिक्षा अकादमी, तमिलनाडु	विरुधुनगर
22.	मोहम्मद सठक ए जे कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, चेन्नई	चेंगलपट्टू
23.	एसएसएन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, कलावक्कम	चेंगलपट्टू
24.	ईश्वरी इंजीनियरिंग कॉलेज, चेन्नई	चेन्नई
25.	वेल टेक, चेन्नई	तिरुवल्लूर
26.	आरएमके इंजीनियरिंग कॉलेज, कवरईपेट्टई	तिरुवल्लूर

27.	एसआरएम टीआरपी इंजीनियरिंग कॉलेज, त्रिची	तिरुचिरापल्ली
28.	श्री ईश्वर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, कोयंबटूर	कोयंबटूर
29.	एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, तिरुचिरापल्ली	तिरुचिरापल्ली
30.	नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी चेन्नई	चेन्नई
31.	एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, चेन्नई	चेन्नई
32.	श्री साईराम इंजीनियरिंग कॉलेज, चेन्नई	चेंगलपट्टू
33.	चेन्नई इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, चेन्नई	चेंगलपट्टू
34.	त्यागराजर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, मदुरै	मदुरै
35.	जे.एन.एन इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग, चेन्नई	तिरुवल्लूर
36.	अरुणाचला कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग फॉर वीमेन, तमिल नाडु	कन्याकुमारी
37.	गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर	कोयंबटूर
38.	श्री शक्ति इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर	कोयंबटूर
39.	पी.एस.आर. इंजीनियरिंग कॉलेज, शिवकाशी	विरुधुनगर
40.	राजलक्ष्मी इंजीनियरिंग कॉलेज, थंडलम, चेन्नई	कांचीपुरम
41.	राजलक्ष्मी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, चेन्नई	चेन्नई
42.	सोना कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, सलेम	सलेम
43.	हिंदुस्तान कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर	कोयंबटूर
44.	के.एस.रंगासामी कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी (स्वायत्त), नमक्कल, तमिलनाडु	नमक्कल
45.	गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, इरोड	इरोड़
46.	अमृता स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, अमृता विश्व विद्यापीठम, कोयंबटूर	कोयंबटूर
47.	पीएसजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड रिसर्च, कोयंबटूर, तमिलनाडु	कोयंबटूर
48.	आर.एम.डी. इंजीनियरिंग कॉलेज, कवरईपेट्टई	तिरुवल्लूर
49.	सविता इंजीनियरिंग कॉलेज (स्वायत्त), कांचीपुरम	चेंगलपट्टू
50.	कोयंबटूर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर	कोयंबटूर
51.	करपगाम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर	कोयंबटूर
52.	करपगम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (स्वायत्त), कोयंबटूर	कोयंबटूर
53.	श्री वेंकटेश्वर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, तमिलनाडु	चेंगलपट्टू
54.	वेल टेक मल्टी टेक डॉ. रंगराजन डॉ. सकुंथला इंजीनियरिंग कॉलेज, चेन्नई	तिरुवल्लूर
55.	सेंट जोसेफ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, चेन्नई	चेंगलपट्टू
56.	कामराज कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मदुरै	मदुरै
57.	कुमारगुरु कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर	कोयंबटूर
58.	धीरजलाल गांधी कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी (स्वायत्त), सलेम	सलेम
59.	वेलम्मल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, तिरुवल्लूर	तिरुवल्लूर
60.	बन्नारी अम्मान इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, इरोड, तमिलनाडु	इरोड़
61.	केआईटी-कलैगनारकरुणानिधि इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर	कोयंबटूर

इसलिए, स्पष्ट रूप से यह पता चलता है कि भारत सरकार ने तमिलनाडु में इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण और डिजाइन पारिस्थितिकी तंत्र के विकास का पुरजोर समर्थन किया है।

******